शिक्षा का अधिकार

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011

दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमाक / राशिके / आरटीई / 2020 / 336 भोपाल, दिनाक 20.1.21

प्रति,

1. कलेक्टर
   समस्त जिला—म.प्र.
2. जिला शिक्षा अधिकारी
   समस्त जिला—म.प्र.
3. विकासखड श्रोत समन्वयक
   जनपद शिक्षा केन्द्र, समस्त

विषय— शिक्षा का अधिकार—सत्र 2021—22 हेतु प्रायवेट स्कूलों की नवीन मान्यता आवेदन के संबध में।

सन्दर्भ— 1—राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र कमाक 8225 भोपाल दिनाक 14.12.2020

2—म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग का पत्र कमाक / एफ 37—2 / 2020 / 20—3 भोपाल दिनांक 31.12.2020

सन्दर्भित पत्र सरल कमाक—1 के माध्यम से निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत अशासकीय स्कूलों के लिये सत्र 2021—22 की नवीन मान्यता एव मान्यता नवीनीकरण के आवेदन की प्रकिया एव समय—सारणी जारी की गयी है। जिन अशासकीय स्कूलों की मान्यता 31 मार्च 2021 को समाप्त हो रही है उनकी मान्यता आटो रिन्यूवल 31 मार्च 2022 तक किये जाने हेतु सन्दर्भित पत्र सरल कमाक—2 द्वारा निर्देश जारी किये गये है। अतः इन अशासकीय स्कूलों को मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करने की आवश्यकता नही है।

1. यदि कोई संस्था सत्र 2021—22 से नवीन अशासकीय स्कूल संचालित करना चाहती है तो पूर्व वर्णित प्रकिया अनुसार मान्यता आवेदन करना अनिवार्य है।
2. यदि किसी स्कूल द्वारा स्कूल मे कक्षा की वृद्वि की जाना है अर्थात यदि कोई स्कूल कक्षा 5वी तक है परन्तु उसे कक्षा 8वी तक वृद्वि करना चाहते है तो उनके द्वारा मान्यता हेतु आवेदन उक्त वर्णित प्रकिया अनुसार किया जा सकता है।

सत्र 2021—22 की मान्यता हेतु निम्नानुसार संशोधित समय सारणी जारी की जाती है:—

| क्र | कार्यवाही | कार्यवाही हेतु समय सीमा |
|---|---|---|
| 1 | प्रायवेट स्कूलों द्वारा नवीन मान्यता हेतु ऑनलाईन आवेदन | 30 जनवरी 2021 तक |
| 2 | बी.आर.सी.सी. द्वारा स्कूल का भौतिक सत्यापन कर निरीक्षण रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करना | अशासकीय स्कूल द्वारा आवेदन करने के 15 कार्य दिवस के अंदर |
| 3 | जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता आवेदन के प्रकरणों का निराकरण | 45 कार्य दिवस |
| 4 | कलेक्टर के समक्ष अपील करना | जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता आवेदन निरस्ति दिनाक से 45 कार्य दिवस तक संबधित अशासकीय स्कूल द्वारा। |
| 5 | कलेक्टर द्वारा अपीलीय आवेदनों का निराकरण | स्कूल के आवेदन प्राप्ति के 15 दिवस तक |

कृपया उक्त समय—सीमा में निराकरण करने का कष्ट करें।

(लोकेश कुमार जाटव)
आयुक्त
राज्य शिक्षा केन्द्र